रजिस्ट्री संख्या डी एल-33001/92

REGISTERED NO. DL-33001/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 28] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 11, 1992 (आषाढ़ 20, 1914)

No. 28] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 11, 1992 (ASHADA 20, 1914)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	605
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	687
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	11
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1141
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल है)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	709
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . .	857
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं .	2867
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस .	105
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाला अनुपूरक .	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	605
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	687
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	11
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1141
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . . .	709
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs . . .	857
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2867
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	105
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I--SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 2 जून 1992

सं० 87-प्रेज/92—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री मोहम्मद अब्दुल काबी,
पुलिस निरीक्षक,
मुंबई ।

श्री जय सिंग शिवाजी राव पाटिल,
पुलिस निरीक्षक,
मुंबई ।

श्री श्याम राव बाबूराव जेधे,
पुलिस निरीक्षक,
मुंबई ।

श्री संजय वासुदेव जम्मूलकर,
पुलिस निरीक्षक,
मुंबई ।

श्री प्रकाश मेमेन जार्ज,
पुलिस उप-निरीक्षक,
मुंबई ।

श्री पासकल लारेंस डिसूजा,
पुलिस उप-निरीक्षक,
मुंबई ।

श्री इकराल हसन शेख,
पुलिस उप-निरीक्षक,
मुंबई ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 4 मार्च, 1991 को विश्वस्त सूत्र से सूचना प्राप्त हुई कि दाउद इब्राहिम गिरोह के ठेके पर हत्या करने वाले दो खूंखार मुख्य हत्यारे, नामत. राम चन्द्र उर्फ बच्ची तथा गैबीरियल उर्फ बाबा को दिलीप बुलचन्दानी नामक उद्योगपति ने दूसरे लोगों से बड़ी मात्रा में अपना धन वसूल करने के लिए अनुबंधित किया है ।

इस सूचना के प्राप्त होते ही दिलीप बुलचंदानी की पूर्वी अंधेरी स्थित कालब्रो पालिस्टर लिमिटेड कम्पनी के लिए चार पुलिस निरीक्षकों और तीन पुलिस उप-निरीक्षकों का एक दल रवाना हो गया । इस बात का बहुत ध्यान रखा गया कि गिरोह वालों तथा दिलीप बुलचंदानी को पुलिस कार्रवाई के बारे में पता न चले । इस लिए केवल दो अधिकारी ही बुलचंदानी के कार्यालय में व्यापारिक कार्य के बहाने से गए तो वहां उन्होंने बुलचंदानी के साथ दो गिरोह के सदस्यों को बैठे देखा । पकड़े जाने का आभास होते ही, गिरोह के एक सदस्य ने एक भरा हुआ रिवाल्वर तथा अन्य ने एक पिस्तोल निकाल लिया जो कि उन्होंने अपने पास छिपा कर रखे थे परन्तु इससे पहले कि वे अपने अग्नेयास्त्रों का प्रयोग कर पाते, गैबरियल पर सर्वश्री एम० बी० जेधे, पुलिस निरीक्षक तथा पी० एम० जार्ज, पुलिस निरीक्षक, द्वारा अपनी जान जोखिम में डाल कर काबू पा लिया गया तथा उनके शस्त्रों को छीन लिया गया । इसके साथ-साथ, अपनी जान की चिंता न करते हुए सर्वश्री एम० ए० काबी, पुलिस निरीक्षक तथा आई० एच० शेख, पुलिस उप निरीक्षक ने बच्ची पाण्डे को काबू कर निशस्त्र कर दिया । उसने पंचों के समक्ष यह बयान दिया कि दिलीप बुलचन्दानी ने उसे और उसके पांच साथियों को पश्चिमी खार स्थित होटल शीतल में डाका मारने और उसके मालिक को बंधक बना कर 30 लाख रु० वसूल करने, जो कि होटल के मालिक से बुलचन्दानी ने वसूल करने थे, के लिए अनुबंधित किया गया था । योजना को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से वे योजना की बारीकियों को अंतिम रूप देने के लिए वहां एकत्र हुए थे तथा उनके सहयोगियों को खार स्थित एक दर्जी की दुकान पर प्रतीक्षा करने के लिए कहा गया था । उनके सहयोगी रिवाल्वर, छोटी स्टेनगन और खीन में बने दो बमों से लैस थे । इस रहस्योद्घाटन के बाद पुलिस दल कालब्रो पालिस्टर लिमिटेड से खार के लिए सुरन्त रवाना हो गया । इस बीच बच्ची पाण्डे के एक सहयोगी ने मारुति गाड़ी में भागने की कोशिश की परन्तु श्री एस० एम० जम्मूलकर, पुलिस निरीक्षक और श्री पी० एल० डिसूजा, पुलिस उप-निरीक्षक द्वारा उसे पकड़ लिया गया । खार पहुंचने पर बच्ची पाण्डे पुलिस दल को दर्जी की दुकान पर ले गया । पुलिस को देखते ही दुकान में प्रतीक्षा कर रहे बच्ची पाण्डे के तीन सहयोगियों ने रिवाल्वर निकाल लिए परन्तु निरीक्षकों के साथ श्री जे० एम० पाटिल, तथा श्री जम्मूलकर और श्री पी० एल० डिसूजा पुलिस उप-निरीक्षक ने उन पर काबू पाकर उन्हें निहत्था कर दिया । उन तीन में से एक के कंधे पर लटका थैला, जिसमें अग्नेयास्त्र और विस्फोटक सामग्री थी, भी जब्त कर ली गई ।

इस प्रकार सात अधिकारियों के इस पुलिस दल ने गिरोह के कुल सात उग्र और खूंखार सदस्यों सहित बुलचन्दानी को एक सहज और त्रुटि-रहित अभियान में गिरफ्तार कर लिया तथा 5 विदेशी रिवाल्वरों,

एक छोटी स्टेनगन, 2 चीन में बने बम, 3 खाली और 68 भरे हुए कारतूस बरामद किए ।

इस मुठभेड़ में श्री मोहम्मद अब्दुल कावी, पुलिस निरीक्षक, श्री जयसिंग शिवाजी राव पाटिल, पुलिस निरीक्षक, श्री श्याम राव चाबूराव जेधे, पुलिस निरीक्षक, श्री संजय वासुदेव जम्भूलकर, पुलिस निरीक्षक, श्री प्रकाश मेमेन जार्ज, पुलिस उप-निरीक्षक, श्री पासकल लारेंस डिसूजा, पुलिस उप-निरीक्षक और श्री इकबाल हसन शेख, पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 मार्च, 1991 से दिया जाएगा ।

ए०के० उपाध्याय

निदेशक

सं० 88-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री हरजीत सिंह

पुलिस उप-निरीक्षक,

थाना सुल्तापुर लोदी ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 19 दिसम्बर, 1990 को उप-निरीक्षक हरजीत सिंह, थाना प्रभारी, थाना : सुल्तानपुर लोधी, अन्य पुलिस/सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों सहित गांव शेख मांगा, थाना : सुल्तानपुर लोदी, क्षेत्र में तलाशी अभियान पर थे । उन्होंने दारा सिंह नामक-एक व्यक्ति के घर के निकट कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने को संदिग्ध अवस्था में पाया । पुलिस को देखते ही, संदिग्ध व्यक्तियों ने एक कच्चे मकान में मोर्चे सम्भाल लिए और अत्याधुनिक हथियारों से सुरक्षा कार्मिकों पर भीषण गोली-बारी करनी आरंभ कर दी । श्री हरजीत सिंह तथा अन्य पुलिस कार्मिकों ने कच्चे मकान की दीवार की आड़ लेकर आत्म-सुरक्षा में जवाब में गोली चलाई, जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी घायल होकर जमीन पर गिर गए और बाद में घावों के कारण मर गए । सीमा सुरक्षा बल के कांस्टेबल सुनील कुमार द्वारा एक अन्य आतंकवादी को मार दिया गया । दोनों ओर से गोली-बारी के दौरान उनको गोली लगने से घाव हो गए और श्री सुनील कुमार को अस्पताल ले जाया गया ।

उसके बाद, सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों ने आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने पर हथगोले फैंके परन्तु आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोली चलाना जारी रखा । तब श्री हरजीत सिंह अन्य पुलिस कार्मिकों सहित रेंगते हुए आगे बढ़े तथा पास में खड़े बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर पर चढ़ने में सफल हो गए । उन्होंने घर की छत में छेद किए और घर के अन्दर हथगोले फैंके जिसके परिणामस्वरूप घर के सामान में आग लग गई तथा कच्चा मकान ढह गया । मुठभेड़ करीब तीन घंटे तक चली । तलाशी लेने पर आतंकवादियों के पांच शव बरामद किए गए जिनमें से चार की शिनाख्त बाद में बलदेव सिंह उर्फ देवा, रछपाल सिंह उर्फ पम्मा, सुरजीत सिंह उर्फ पेंटा तथा इंद्रजीत सिंह के रूप में हुई । ये अनेकों घृणित अपराधों में शामिल थे । तलाशी लेने पर एक ए० के० -94 असाल्ट राइफल, 3 ए० के०—47 असाल्ट राइफलें तथा बड़ी मात्रा में गोला बारूद मुठभेड़ स्थल से बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री हरजीत सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृति भत्ता भी दिनांक 19 दिसम्बर, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय

निदेशक

सं० 89-प्रेज/92—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री दर्शन कुमार,

पुलिस उप-अधीक्षक,

दसूया सब-डिवीजन ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 29 मई, 1991 को श्री दर्शन कुमार, पुलिस उप-अधीक्षक, दसूया, को इस आशय की सूचना प्राप्त हुई कि कुछ कट्टर आतंकवादी जो कि अच्छी तरह हथियारों से लैस हैं, बगाहा गांव, थाना : दसूया, में एक कपूर सिंह नामक व्यक्ति के घर में छिपे हुए हैं तथा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर गोली-बारी करने की योजना बना रहे हैं ताकि उन पर दसूया सब-डिवीजन छोड़ कर जाने के लिए दबाव डाला जा सके । श्री दर्शन कुमार उपलब्ध बल सहित घटनास्थल की ओर रवाना हो गये । उन्होंने दसूया, टाण्डा में मौजूद बल और अर्ध-सैनिक बलों को घटनास्थल पर पहुंचे जाने के लिए सिगनल संदेश भी भेज दिया । वहां पहुंचने पर, उन्होंने पूरे गांव को घेर लिया । कुछ सुरक्षा कार्मिकों को लेकर श्री दर्शन कुमार, कपूर सिंह के घर गए और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चेतावनी दी । इस पर घर में ऊपर की मंजिल पर छिपे आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर गोलियां चलानी आरम्भ कर दी । दर्शन कुमार ने पुलिस दल को आत्म-सुरक्षा में गोली चलाने के निर्देश दिए । इस बीच जिला पुलिस और अर्ध-सैनिक बल भी वहां पहुंच गए और उन्होंने घेरे को मजबूत कर दिया । अचानक उग्रवादियों ने पुलिस बल को बड़ी संख्या में वहां पहुंचते देख कर वहां से बच कर भाग निकलने के प्रयास में पुलिस दल पर एच० ई०-36 हथगोले फैंकने आरम्भ कर दिए। श्री दर्शन कुमार इससे विचलित नहीं हुए और अपने नियंत्रणाधीन पुलिस दल द्वारा उग्रवादियों पर भीषण गोली बारी करके उनको उलझाए रखा। उग्रवादियों द्वारा फैंके गए हथगोलों के फटने से विशेष पुलिस अधिकारी सर्वश्री राजकुमार, राजवीर सिंह, और पंजाब सशस्त्र पुलिस (पी० ए० पी०) के कांस्टेबल गुलजिंदर सिंह घायल हो गए। चूंकि पुलिस द्वारा एक घंटे के अभियान के दौरान की गई गोली-बारी कारगर साबित नहीं हुई, श्री दर्शन कुमार अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना ऊपरी मंजिल की खिड़की के समीप दूसरी ओर से ऊपर चढ़कर गए। एक के बाद एक छः हथगोले खिड़की के अन्दर फैंके। श्री दर्शन कुमार का यह अत्यन्त दुस्साहसिक कार्य उग्रवादियों की बंदूकें शांत करने में बेहद सफल रहा। इसके साथ-साथ, सीमासुरक्षा बल ने भी दूसरी ओर से हथगोले फैंके।

उसके बाद उग्रवादियों की ओर से होने वाली गोली-बारी थम गई। खोजबीन के दौरान तीन अज्ञात उग्रवादियों के शव बरामद हुए। तलाशी लेने पर मुठभेड़ स्थल से एक ए० के०-47 राइफल, एक चीन में निर्मित माउजर तथा बड़ी मात्रा में खाली/बिना चले कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री दर्शन कुमार पुलिस उप-अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय

निदेशक

सं० 90-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जसवन्त सिंह,
हैड कांस्टेबल, (मरणोपरांत)
143वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

8 सितम्बर, 1991 को पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों ने भटिंडा जिले के माउजिया गांव के क्षेत्र में संयुक्त रूप से तलाशी लेने के कार्य की एक योजना बनाई। इस बात की पक्की सूचना थी कि उस क्षेत्र में आतंकवादियों का एक गिरोह सक्रिय था। संदिग्ध फार्म हाऊस तथा ट्यूबवैल बिल्डिंग की योजनाबद्ध ढंग से तलाशी शुरू की गई। लगभग 0900 बजे आतंकवादियों ने कपास के खेतों से अचानक गोली चलानी शुरू कर दी। सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस कार्मिकों ने कपास के खेतों को चारों ओर से तुरन्त घेर लिया। अन्य कार्मिकों सहित हैड कांस्टेबल जसवन्त सिंह ने मोर्चा संभाला और आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर जसवन्त सिंह रेंगते हुए उस स्थान की ओर गए जहां से गोलियां चल रही थीं। उन्होंने कपास के खेतों से आतंकवादियों के पदचिन्हों का पता लगाया और आतंकवादियों के संदिग्ध स्थान तथा दिशा के बारे में अपने कमांडर को सूचित किया। वे आतंकवादियों के निकट पहुंचने वाले ही थे कि इतने में आतंकवादियों ने श्री जसवन्त सिंह पर गोलियों की बौछार कर दी, परन्तु सौभाग्यवश वे घायल होने से बच गए। निकट दूरी से किए जा रहे इस नृशंस हमले का निर्भीक होकर मुकाबला करते हुए श्री जसवन्त सिंह बड़ी चतुरता से रेंगते हुए उस स्थान की ओर आगे बढ़ते रहे जहां से आखिरी बार गोलियों की बौछार आई। एक आतंकवादी अचानक कपास की फसल के खेत में खड़ा हो गया और जसवन्त सिंह के आमने-सामने आ गया। मोर्चा लेने के लिए किसी स्थान या आड़ के संभव नहीं होने के कारण श्री जसवन्त सिंह तथा आतंकवादी दोनों ने लगभग साथ-साथ एक दूसरे पर गोली चलाई तथा दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस प्रकार श्री जसवन्त सिंह ने अकेले ही एक खूंखार आतंकवादी को समाप्त कर दिया और इस प्रक्रिया में कर्तव्यपरायणता की वेदी पर अपना जीवन बलिदान कर दिया।

श्री जसवन्त सिंह के वीरतापूर्ण कार्य को देखते हुए घेरा लगाने तथा तलाशी लेने वाले दल ने आतंकवादियों पर भारी गोली-बारी शुरू कर दी। दोनों ओर से गोली चलने के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। तलाशी के दौरान मुठभेड़ वाले स्थान से 1 ए० के०-47 राइफल, एक 7.62 एम० एल० आर०, एक .455 रिवाल्वर, एक .38 बोर रिवाल्वर, एक हैण्ड ग्रेनेड तथा बड़ी मात्रा में सक्रिय/खाली कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री जसवन्त सिंह हैड कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 91—प्रेज/92—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राजपाल सिंह,
हैड कांस्टेबल,
41वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया

29 अक्तूबर, 1990 को लगभग 14.30 बजे खम्मानों स्थित सीमा सुरक्षा बल चौकी को पुलिस थाना खम्मानों के अधीन ग्राम बारवाली पर घात लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक, प्रचालन, लुधियाना से निर्देश प्राप्त हुए क्योंकि बराड़ो पुल पर कुछ आतंकवादियों ने घात लगा रखी थी। हैड कांस्टेबल राजपाल सिंह ने बल की एक टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए लगभग 10 उग्रवादियों का पीछा किया, जिन्होंने ग्राम उन्छापिंड (मंगोल) के नजदीक मोर्चा संभाला हुआ था और जो सीमा सुरक्षा बल के दल पर सभी दिशाओं से गोलियां चला रहे थे। श्री राजपाल सिंह और उनके दल ने लगभग 3–4 किलोमीटर तक भाग रहे उग्रवादियों का तेजी से पीछा किया। भागते हुए उग्रवादियों ने खेतों में मोर्चा संभाला और सीमा सुरक्षा बल के दल पर गोली चलाई। श्री राजपाल सिंह बड़ी निपुणता से आगे बढ़े और उन्होंने आतंकवादियों के मोर्चे के स्थान से लगभग 100 गज की दूरी पर मोर्चा संभाला। अपने व्यक्तिगत बचाव और सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने अपने ग्रुप को निर्देश दिया कि वे एक ओर से आतंकवादियों को उलझाए रखें और स्वयं चुपचाप दूसरी तरफ गए जहां से उन्हें यह महसूस हुआ कि आतंकवादी एक झाड़ी से गोलियां चला रहे हैं। साथ ही साथ उन्होंने देखा कि एक आतंकवादी आगे बढ़ रही टुकड़ियों को उलझाए हुए है। श्री राजपाल सिंह ने तुरन्त मोर्चा सम्भाला और अपनी मशीनगन से आतंकवादी पर गोलियों की एक राउंड बौछार कर दी और उसे तत्काल धराशायी कर दिया। झाड़ी में छिपे हुए दूसरे आतंकवादी ने श्री राजपाल सिंह को देखकर भागने की कोशिश की और इस प्रक्रिया में श्री राजपाल सिंह पर भी गोली चलाने की कोशिश की। परन्तु श्री राजपाल सिंह ने बिजली की गति से इस आतंकवादी को भी मार गिराया। इसी बीच सीमा सुरक्षा बल के दूसरे दलों ने, जो एक ओर से आगे बढ़ रहे थे, तीन और आतंकवादियों को मार गिराया। मृत आतंकवादियों की बाद में जगजीत सिंह उर्फ जग्गा, रंजीत सिंह, ईश्वर सिंह, करम सिंह तथा नेतर सिंह के रूप में शिनाख्त की गई। तलाशी लेने के दौरान मुठभेड़ वाले स्थान से 3 ए० के०–47 राइफल, 2 पिस्तौल, एक 7.62 एम एम एस एल आर, पांच हीरोहांडा मोटर साइकिल तथा बड़ी मात्रा में गोलाबारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री राजपालसिंह हैड कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 92-प्रेज/92—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्न-लिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एस० धरमराज,

कांस्टेबल,

89वी बटालियन,

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,

नकोदर, पंजाब ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया

4 अगस्त, 1991 को लगभग 2000 बजे जब पुलिस स्टेशन बागोरैया के एस० एच० ओ० ग्रामीण क्षेत्र में गश्ती ड्यूटी दे रहे थे तो उन पर चाचरगड़ी रेलवे क्रासिंग के नजदीक गोली चलाई गई । उन्होंने अपने मार्ग-रक्षियों को आत्मरक्षा में गोली चलाने का आदेश दिया । अज्ञात व्यक्ति रेलवे पटरी के नजदीक, गन्ने के खेतों में बड़े नाले का और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए । 5-8-1991 को लगभग 0600 बजे चाचरगड़ी तथा सरवर गांवों के समीप ओ० सी० ई०-ई०/89 तथा ए० एस० ओ० गोरैया के पर्यवेक्षण तक में क्षेत्र की गहरी तलाशी की गई । हेड कांस्टेबल के कमांड में एक दल लघु नहर के आस-पास गन्ने के खेत में आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें नाकाम करने के लिए बड़ी निपुणता से आगे बढ़ा । श्री धरमराज को गन्ने के खेतों में दूसरी ओर कुछ गतिविधियां दिखाई दीं और उन्होंने अपने दल के कमांडर को संकेत दिया । कमांडर ने अपने कर्मचारियों को तुरंत मोर्चा लेने का आदेश दिया और गन्ने के खेत के एक कोने में छिपे हुए अज्ञात व्यक्तियों को ललकारा । आतंकवादी ने जो लगभग 20 गज की दूरी पर था, स्वचालित हथियारों से गोली चलानी शुरू कर दी और कांस्टेबल धरमराज के दायें बाजू के ऊपरी हिस्से में बीच में एक गोली लगी । गोली लगने से हुए जख्म से रक्त बहने के बावजूद वे निर्भीक और साहसपूर्ण ढंग से रेंगते हुए आगे बढ़े तथा उन्होंने अपनी एस० एल० आर० राइफल से आतंकवादियों पर गोली चलाई और उसे घटनास्थल पर ही मौत के घाट उतार दिया । श्री धरमराज को इलाज के लिए सिविल अस्पताल फिरोजपुर ले जाया गया । गन्ने के खेतों में गोलाबारी बंद होने के बाद उस क्षेत्र की तलाशी ली गई और एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया, जिसकी बलजीत सिंह के रूप में शिनाख्त की गई जो एक कुख्यात आतंकवादी था और अनेक मामलों में उसकी तलाश थी । मृत आतंकवादी से एक राउंड सहित एक मैगजीन और एक विदेशी माउजर तथा 3 फायर केस बरामद किए गए । उस क्षेत्र से एक हीरो होंडा मोटर साइकिल भी बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में श्री एस० धरमराज कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 अगस्त 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 93/प्रेज/92-राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राम पाल सिंह,

पुलिस उप-अधीक्षक,

76वीं बटालियन ,

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 10 अक्तूबर, 1990 को श्री राम पाल सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक अपने सुरक्षा गार्डों के साथ पट्टी में एक प्रचालन सम्मेलन में भाग लेने के बाद खेमकरण स्थित अपनी कम्पनी को लौट रहे थे। करीब 1700 बजे जब वे दोआबा नहर के पुल संख्या 2 को पार कर के भूरा कोना गांव के निकट पहुंचे तो उन्होंने एक बस को खड़े पाया जिसमें यात्री बैठे हुए थे और बस की खिड़की से अपने हाथ बाहर निकाल कर संकेत कर रहे थे। पूछताछ करने पर पता चला कि उनकी बस को नहर के पुल पर तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने रोक कर, खेमकरण गांव के श्री अमर नाथ कपूर का अपहरण कर उनको नाले के दूसरी ओर दूर ले गए थे। अपहृत व्यक्ति की जान को खतरा भांपते हुए श्री राम पाल सिंह ने श्री सुभा सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक खेमकरण को निर्देश दिया कि वह अपने साथियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों के बल को साथ लेकर राजमार्ग के किनारे-किनारे जाएं। वह स्वयं दूसरे दल के साथ आतंकवादियों को रोकने के लिए नहर के रास्ते पर चल दिए। करीब 400 गज की दूरी तय करने पर उन्होंने पांच व्यक्तियों को खेतों में जाते देखा। आतंकवादियों का पीछा करने के लिए पुलिस दल अपने वाहन से नीचे उतर गया। इस दौरान, आतंकवादियों ने दोनों ओर से पुलिस दल को आते हुए देखा तो उन्होंने पुलिस कार्मिकों पर उनको मार डालने के उद्देश्य से स्वचालित हथियारों से गोली चलाई। पुलिस दल ने मोर्चा ले लिया, और तुरन्त आत्मसुरक्षा में जवाबी गोली चलाई। श्री राम पाल सिंह ने अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपने दो साथियों को साथ लेकर अन्तिम छोर तक भागते हुए गए और आतंकवादियों पर प्रभावकारी ढंग से गोली बारी की। पुलिस बल की इस तीव्र और साहसिक कार्रवाई से आतंकवादी हड़बड़ा गए और उन्होंने अपहृत व्यक्ति को मुक्त कर दिया, जो कि दौड़ कर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों की ओर आ गया और बचा लिया गया। श्री मोहन सिंह, निरीक्षक, भी कुमुक के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस दल ने आतंकवादियों का पीछा करना और उन पर दबाव बनाये रखना जारी रखा। श्री राम पाल सिंह ने श्री मोहन सिंह और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पांच कांस्टेबलों के साथ एक मारक दस्ता बनाया, रेंगते हुए धान के खेत में आतंकवादियों के बहुत करीब पहुंच गए और स्वचालित हथियारों से गोली बारी करके क्षेत्र से आतंकवादियों का सफाया कर दिया। श्री राम पाल सिंह ने दो आतंकवादियों को मार डाला तथा तीसरे आतंकवादी को अपनी प्रभावकारी गोली-बारी से उलझाए रखा जिसको फिर श्री मोहन सिंह, निरीक्षक ने मार गिराया। इस मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों में से दो की बाद में मुख्तियार सिंह, उर्फ महन्त और सुखदेव सिंह उर्फ काला, जो कि अनेकों आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे, के रूप में पहचान की गई। तीसरा आतंकवादी, जो कि असाल्ट राईफल से लैस था, उसकी पहचान नहीं की जा सकी। एक आतंकवादी जो दूसरे छोर की ओर भाग रहा था, दोनों ओर से हुई गोली बारी के दौरान मारा गया और बाद में उसकी मेजर सिंह के रूप में पहचान की गई। तथापि, उसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं

किया गया। एक ए० के० 47 राईफल, ए० के०–56 राईफल, ए .303 राईफल, 4 मैगजीनें तथा 200 सक्रिय कारतूस आतंकवादियों के शवों के पास से बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री राम पाल सिंह, पुलिस उप अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 94–प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मोहन सिंह,
निरीक्षक,
76वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 10 अक्तूबर 1990 को श्री राम पाल सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक, अपने सुरक्षा गार्डों के साथ पट्टी में एक प्रचालन सम्मेलन में भाग लेने के बाद खेमकरण स्थित अपनी कम्पनी को लौट रहे थे। करीब 1700 बजे जब वे दोआबा नहर के पुल संख्या 2 को पार कर के भूरा कोना गांव के निकट पहुंचे तो उन्होंने एक बस को खड़े पाया जिसमें यात्री बैठे हुए थे और बस की खिड़की से अपने हाथ बाहर निकाल कर रुकने का संकेत कर रहे थे। पूछताछ करने पर पता चला कि उनकी बस को नहर के पुल पर तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने रोक कर, खेमकरण गांव के श्री अमर नाथ कपूर का अपहरण कर उनको नाले के दूसरी ओर दूर ले गए थे। अपहृत व्यक्ति की जान का खतरा भांपते ही हुए श्री राम पाल सिंह ने श्री सुभा सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक खेमकरण को निर्देश दिया कि वह अपने साथियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों के दल को साथ लेकर राजमार्ग के किनारे-किनारे जाए। वह स्वयं दूसरे दल के साथ आतंकवादियों को रोकने के लिए नहर के रास्ते पर चल दिए। करीब 400 गज की दूरी तय करने पर उन्होंने पांच व्यक्तियों को खेतों में जाते देखा। आतंकवादियों का पीछा करने के लिए पुलिस दल अपने वाहन से नीचे उतर गया। इस दौरान, आतंकवादियों ने दोनों ओर से पुलिस दल को आते देखा तो उन्होंने पुलिस कार्मिकों पर उनको मार डालने के उद्देश्य से स्वचालित हथियारों से गोली चलाई। पुलिस दल ने मोर्चा ले लिया, और तुरन्त आत्मसुरक्षा में जवाबी गोली चलाई। श्री राम पाल सिंह ने अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपने दो साथियों को साथ लेकर अंतिम छोर तक भागते हुए गए और आतंकवादियों पर प्रभावकारी ढंग से गोलीबारी की। पुलिस बल की इस तीव्र और साहसिक कार्रवाई से आतंकवादी हड़बड़ा गए और उन्होंने अपहृत व्यक्ति को मुक्त कर दिया, जो कि दौड़ कर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों की ओर आ गया और बचा लिया गया। श्री मोहन सिंह, निरीक्षक, भी कुमक के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस बल ने आतंकवादियों का पीछा करना और उन पर दबाव बनाए रखना जारी रखा। श्री राम पाल सिंह ने श्री मोहन सिंह और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पांच कांस्टेबलों के साथ एक मारक दस्ता बनाया, रेंगते हुए धान के खेत में आतंकवादियों के बहुत करीब पहुंच गए और स्वचालित हथियारों से गोली बारी करके क्षेत्र से आतंकवादियों का सफाया कर दिया। श्री राम पाल सिंह ने दो आतंकवादियों को मार डाला तथा तीसरे आतंकवादी को अपनी प्रभावकारी गोली-बारी से उलझाए रखा जिसको फिर श्री मोहन सिंह, निरीक्षक ने मार गिराया। इस मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों में से दो की बाद में सुखिवन्दर सिंह उर्फ सहन्त और सुखदेव सिंह उर्फ काला, जो कि अनेकों आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे, के रूप में पहचान की गई। तीसरा आतंकवादी, जो कि अभक्ष्य रासफसल से लैस था, उसकी पहचान नहीं की जा सकी। एक आतंकवादी जो दूसरे छोर की ओर दौड़ा था, दोनों ओर से हुई गोलीबारी के दौरान मारा गया और बाद में उसकी मेजर सिंह के रूप में पहचान की गई। तथापि उसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं किया गया। एक ए० के० 47 राईफल, एक ए० के० 56 राईफल, एक .303 रायफल, 4 मैगजीनें तथा 200 सक्रिय कारतूस आतंकवादियों के शवों के पास से बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री मोहन सिंह, निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 95–प्रेज/92—राष्ट्रपति रेलवे सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री काशीनाथ प्रसाद गुप्ता, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
जमालपुर यार्ड पोस्ट/आर०पी०एफ०

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

20 अक्तूबर, 1991 को रेलवे सुरक्षा बल, मालदा डिवीजन, ईस्टर्न रेलवे के कांस्टेबल काशीनाथ प्रसाद गुप्ता को अन्य कांस्टेबल के साथ गाड़ी नं० 5/एस० जे० (सुल्तानगंज–जमालपुर श्रमिक गाड़ी) में चोरी की घटना तथा इंजन टेंडर से कोयले की चोरी को रोकने के लिए मार्गरक्षी ड्यूटी पर लगाया गया था। लगभग 19.50 बजे ज्योंहि गाड़ी बरियारपुर तथा रतनपुर रेलवे स्टेशन के बीच गोरधुवा पड़ाव पर पहुंची तो लगभग 15/20 बदमाशों ने गाड़ी के होस पाइपों को तोड़ दिया और इंजन में देशी बम फेंकने शुरू कर दिए तथा रेलवे सुरक्षा बल के मार्गरक्षी दल तथा इंजन कर्मीदल पर भी गोली चलाई। स्थिति को गंभीर होते देखकर रेलवे सुरक्षा बल के दोनों कांस्टेबलों ने टेंडर के अन्दर तुरन्त मोर्चा संभाला और अपनी सर्विस राईफल से गोली चलानी शुरू कर दी। बदमाशों ने रेलवे सुरक्षा बल के मार्गरक्षी दल तथा इंजन कार्मिकों पर बम फेंक कर तथा गोलीबारी करके उनकी हत्या करना जारी रखा। इस मुठभेड़ के परिणामस्वरूप कांस्टेबल काशीनाथ प्रसाद गुप्ता, छाती में दायीं तरफ गोली लगने से जख्मी हो गए और बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें 30-10-91 को अस्पताल में भर्ती किया गया परन्तु 31-10-1991 को उनकी मृत्यु हो गई। कांस्टेबल काशीनाथ प्रसाद गुप्ता तथा उनके साथियों द्वारा किए गए साहसपूर्ण मुकाबले के फलस्वरूप बदमाश भाग खड़े हुए। इस प्रकार कांस्टेबल काशीनाथ प्रसाद गुप्ता द्वारा गोलीबारी का जवाब देने में और सशस्त्र अपराधियों को दूर रखने में समय से की गई साहसिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप न केवल उनके साथियों की जान बची, अपितु गाड़ी पर सवार इंजन कार्मिकों की जान भी बच गई और रेल सम्पत्ति को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

घातक हथियारों से लैस सशस्त्र आतंकवादियों के साथ इस मुठभेड़ में कांस्टेबल काशीनाथ प्रसाद गुप्ता ने साहसी मुकाबला

करके अपनी जान की परवाह किए बगैर उच्चकोटि के साहस का परिचय दिया तथा कर्त्तव्य की वेदी पर अपने जीवन का बलिदान दिया ।

इस मुठभेड़ में श्री काशीनाथ प्रसाद गुप्ता कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 30 अक्तूबर, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 11 जुलाई, 1992

नियम

सं० 6/12/92-के०से०(1)—निम्नलिखित सेवाओं पदों में रिक्तियों को भरने के प्रयोजन के लिए वर्ष 1992 में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सहायक ग्रेड परीक्षा, 1991 के लिए ली जाने वाली प्रतियोगिताओं परीक्षा नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जा रहे हैं :—

1. भारतीय विदेश सेवा (ख) के सामान्य संवर्ग का ग्रेड-4 (सहायक)

2. रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा का सहायक ग्रेड ।

3. केन्द्रीय सचिवालय सेवा का सहायक ग्रेड ।

4. सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा का सहायक ग्रेड, और

5. भारत सरकार के अन्य विभागों/संगठनों और संबद्ध कार्यालयो में सहायकों के पद जो भारतीय विदेश सेवा (ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा/केन्द्रीय सचिवालय सेवा/सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में सम्मिलित नहीं है ।

1. कोई भी उम्मीदवार ऊपर की किसी एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकता है ।

2. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी नोटिस में बताई जाएगी । अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए पद सरकार द्वारा निश्चित रिक्तियों को देखते हुए आरक्षित रखे जाएंगे ।

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट-1 में निर्धारित ढंग से ली जाएगी । परीक्षा की तारीख और स्थान का आयोग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

4. उम्मीदवार को या तो—

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए या वह

(ख) नेपाल की प्रजा; या

(ग) भूटान की प्रजा; या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी, जो भारत मे स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(ङ) कोई भारत मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से श्रीलंका से आया हो ।

परन्तु (ख), (ग), (घ) और (ङ) वर्गों के अर्न्तगत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार का द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी) प्रमाण-पत्र होना चाहिए ।

परीक्षा में ऐसे उम्मीदवार को भी, जिसके लिए पात्रता प्रमाण-पत्र अत्यावश्यक हो; परीक्षा मे बैठने दिया जा सकता है, परन्तु उसे नियुक्ति प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाण-पत्र दिए जाने पर ही दिया जाएगा ।

5. (क) इस परीक्षा में बैठने के लिए यह आवश्यक है कि 1 जनवरी, 1991 को उम्मीदवार की आयु पूरे 20 साल की हो चुकी हो किन्तु पूरे 25 वर्ष की आयु न हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1966 से पूर्व तथा 1 जनवरी, 1971 के बाद न हुआ हो ।

(ख) भारत सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों तथा साथ में संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासकों के अधीन विभागों/कार्यालयों या चुनाव आयोग और केन्द्रीय सतर्कता आयोग के कार्यालयों या लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय मे कम से कम 3 वर्ष का लगातार तथा नियमित सेवा पहली जनवरी, 1991 तक कर लेने वाले लोअर डिविजन क्लर्कों/अपर डिवीजन क्लर्कों/स्टैनोग्राफरों, ग्रेड घ/ग्रेड-III के मामले में 30 वर्ष की आयु तक ढील दी जा सकेगी ।

ऐसे पदों पर कार्य कर रहे उम्मीदवार जिनका पदनाम लोअर डिवीजन क्लर्क/अपर डिवीजन क्लर्क/स्टैनोग्राफर ग्रेड "घ"/ग्रेड-III नहीं, इस उप नियम के अन्तर्गत आयु में छूट पाने के पात्र नहीं होगे, भले ही उनके द्वारा धारित पद समान वेतनमान ले ही क्यों न रहे हो ।

(ग) ऊपर बताई गई अधिकतम आयु-सीमा में निम्नलिखित मामलों में और ढील दी जा सकेगी :—

1. यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो, तो अधिक से अधिक 5 वर्ष ।

2. यदि उम्मीदवार श्रीलंका से वास्तविक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष (अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए आठ वर्ष) ।

3. किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किए गये रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक 3 वर्ष (अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए आठ वर्ष) ।

4. जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन-प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त-अधिकारियों सहित) ने 1 जनवरी, 1991 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो (i) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्य मुक्त हुए हैं इनमें वे भी सम्मिलित है जिनका कार्यकाल आवेदन पत्र के प्रस्तुतिकरण के एक वर्ष के अन्दर पूरा होना है या (ii) सैनिक सेवा हुई शारीरिक अपंगता या (iii) अक्षमता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं उनके मामलों मे अधिक से अधिक 5 वर्ष तक (अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के लिए अधिक से अधिक दस वर्ष तक) ।

5 आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के मामले में अधिकतम 5 वर्ष (अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए अधिकतम दस वर्ष (जिन्होंने 1 जनवरी, 1991 को सैनिक सेवा के 5 वर्षों की सेवा की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है

और उसके बाद सैनिक सेवा में रखे जाने हैं तथा जिनके मामलों में रक्षा मंत्रालय को एक प्रमाण पत्र जारी करना होता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते और सिविल रोजगार प्राप्त करने पर तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा।

टिप्पणी :—भूतपूर्व सैनिक जो भूतपूर्व सैनिकों को पुनर्नियोजन के लिए दी जाने वाली सुविधाएं प्राप्त करके पहले से ही सिविल क्षेत्र में सरकारी सेवा में कार्यरत हैं वे नियमावली के नियम 5(ग) (4) के अधीन आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

ऊपर दी गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु-सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती है।

टिप्पणी :—जिस उम्मीदवार को नियम 5(ख) के अधीन परीक्षा में प्रवेश न दिया हो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी यदि आवेदन पत्र भेजने के बाद वह परीक्षा से पहले या परीक्षा देने के बाद सेवा से त्यागपत्र दे देता है या विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती हैं किन्तु आवेदन पत्र भेजते समय यदि उसकी सेवा या पद से छंटनी हो जाती है तो वह पात्र नहीं बना रहेगा।

जो लोअर डिवीजन क्लर्क/अपर डिवीजन क्लर्क/स्टेनोग्राफर ग्रेड "ब" ग्रेड-III सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन लेकर किसी संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति है या जिनका किसी अन्य पद पर स्थानांतरण हो जाता है किन्तु जिस पद पर से स्थानांतरित हुआ है उस पर उसका नियत बना रहता है वह यदि अन्यथा उपयुक्त हुआ तो परीक्षा में प्रवेश का पात्र बना रहेगा।

6. उम्मीदवार के पास भारत के केन्द्र या राज्य विधान सभा मंडल द्वारा निर्मित किसी विश्वविद्यालय की या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के खण्ड 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मानी गई किसी अन्य शिक्षा संस्था डिग्री होनी चाहिए।]

टिप्पणी :—ऐसी व्यवसायिक और तकनीकी योग्यताएं जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसायिक और तकनीकी डिग्री के समकक्ष ही रखने वाले उम्मीदवार इस परीक्षा में प्रवेश पाने के पात्र होंगे।

टिप्पणी :—कोई भी उम्मीदवार जिसने ऐसी कोई परीक्षा दे दी है जिसके पास करने पर वह आयोग की परीक्षा के लिए शैक्षिक रूप से पात्र होगा परन्तु उसे परीक्षा फल की सूचना नहीं मिली है तथा ऐसा उम्मीदवार जो ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने का इच्छुक है आयोग की परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन करने का पात्र नहीं होगा।

7. जो उम्मीदवार सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी रूप में कार्य कर रहें हों, चाहे वे किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त भी क्यों न हुए हों पर आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त न हुए हों या वे जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हैं उन सब को इस आशय का परिज्ञान (अंडरटेकिंग) देना होगा कि उन्होंने अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को लिखित रूप में यह सूचित कर दिया है कि उन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उन्हें उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से संबद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

8. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

9. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) नहीं।

10. उम्मीदवार को आयोग के नोटिस के पैरा 12 में निर्धारित फीस देनी होगी।

11. जिस उम्मीदवार ने—

